समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# गुजरात का ब्लॉकबस्टर शो, गिल-बटलर के बाद सिराज-कृष्णा चमके ; SRH की प्लेऑफ की उम्मीदों को झटका ।

Publisher

Published on 03 May 2025

## IPL 2025 Match 51 GT vs SRH: गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रनों से हरा दिया है. गुजरात की ओर से बैटिंग और बॉलिंग मे भी दमदार शो देखने को मिला.

**गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद** को 38 रनों से हरा दिया है. इस हार से **SRH** की **प्लेऑफ** की उम्मीदों को करारा झटका लगा है. गुजरात की पूरी टीम ने एकजुट होकर SRH को घुटने टेकने पर मजबूर किया. अ**हमदाबाद स्थित नरेंद्रं मोदी स्टेडियम** में खेले गए इस मैच में गुजरात ने पहले खेलते हुए **224 रनों** का विशाल स्कोर खड़ा किया था. जवाब में **हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों मे ं186 रन** ही बना सकी.

सनराइजर्स हैदराबाद को 225 रनों का विशाल लक्ष्य मिला था. इसके जवाब में **ट्रेविस हेड** और **अभिषेक शर्मा** ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन हेड 20 रन बनाकर आउट हो गए. अभिषेक एक अलग ही लय में नजर आ रहे थे, जिन्होंने तूफ़ानी अंदाज में चौके-छक्के लगाए. तीसरे क्रम पर बैटिंग करने आए ईशान किशन भी मात्र 13 रन बनाकर चलते बने. इस समय तक SRH के लिए जरूरी रन-रेट 13 से भी ऊपर हो चुका था.

इस बीच अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद में फिफ्टी पूरी की, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने में नाकाफी साबित हुई. अभिषेक ने 41 गेंदों में 74 रनों की दमदार पारी खेली, जिसके दौरान उन्होंने 4 चौके और 6 छक्के लगाए. उन्होंने हेनरिक क्लासेन के साथ 57 रनों की साझेदारी भी की. जहां क्लासेन से टीम को बड़ी और तेजतर्रार पारी की उम्मीद थी, वहां क्लासेन सिर्फ 23 रन बनाकर चलते बने.

### SRH ने 4 गेदों के भीतर गंवाया मैच

सनराइजर्स हैदराबाद ने एक समय 2 विकेट के नुकसान पर 139 रन बना लिए थे. इस बीच मात्र 4 गेंदों के भीतर SRH ने दो सेट बल्लेबाजों का विकेट गंवा दिया. अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन सेट हो चुके थे और टीम को बड़ी जीत दिलाने की काबिलियत रखते हैं, लेकिन चार गेंद के भीतर दोनों ने अपना विकेट गंवा दिया. इसके बाद ऐसा विकेटों का पतझड़ शुरू हुआ कि SRH ने 6 रनों के भीतर चार विकेट गंवा दिए थे.

जरूरी रन-रेट इतना बढ़ चुका था कि SRH के अगले बल्लेबाजों के लिए 225 रनों के लक्ष्य को भेद पाना नामुमकिन साबित हुआ. नितीश कुमार रेड्डी ने 10 गेंद में 21 रन और कप्तान पैट कमिंस ने भी 19 रनों की तेज पारी खेली. बता दें कि SRH अब भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है, अंतिम-4 में जगह बनाने के लिए उसे हर हाल में अपने अगले चारों मैच जीतने होंगे.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.